# हम वो कौम हैं जो परिश्रम और पसीने में यकीन करते हैं : सतीश पूनिया

## कोटपूतली से लेकर पूर्वी राजस्थान के किसानों के बीच पहुंचे डॉ. सतीश पूनिया, फूलों की बारिश कर भव्य स्वागत किया

**कोटपूतली,** (निसं)। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया का कोटपूतली और अलवर जिले के कठूमर में किसानों और युवाओं ने भव्य स्वागत-अभिनंदन किया। डॉ. पूनियां मंगलवार को अजेय योद्धा महाराजा सूरजमल की जयंती पर कोटपूतली में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित करने पहुंचे, जहां उनका किसानों एवं युवाओं ने फूलों की बारिश कर भव्य स्वागत-सत्कार किया। समारोह को संबोधित करते हुये सतीश पूनियां ने कहा कि, हम तो वो कौम हैं जो परिश्रम और पसीने में यकीन करते हैं। समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, उदारता की कमी नहीं है, दानदाताओं की कमी नहीं है, आज सहूलियतें बेहतर हैं।



भाजपा नेता सतीश पूनिया ने कोटपूतली में महाराजा सूरजमल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

जाट समाज में पहले यह मान लेते थे कि फौज में लड़ाई का काम जाट समाज का है लेकिन मुझे इस बात की खुशी है कि देश की सीमा की रक्षा करने का सबसे पहले किसी ने बीडा उठाया तो वह किसान कौम थी, जाट कौम थी, जिसने भारत मां का सिर नहीं झुकने दिया। जितना इतिहास मैंने पढ़ा और समझा, भारत की धरती पर कोई लोकतांत्रिक कौम थी वह किसान कौम थी, किसी पीपल के नीचे, बड़ के नीचे पांच लोग फैसला करते थे, उस गांव की 36 कौम आपके पीछे चलती थी लेकिन अब हमारी सामाजिक सद्भाव की वह मिसाल विपरीत तरीके से दी जाती है, इस बात को पहचानने की आवश्यकता है। किसान कौम लोकतांत्रिक है, समाज को एकता के सूत्र में बांधने की ताकत भी रखते हैं, अन्न के भंडार भरने से लेकर देश की सीमा की रक्षा करने की भी ताकत रखते हैं।

यहां लोग महाराजा सूरजमल की तलवार का वजन बता रहे थे 65 किलो था, लेकिन मुझे लगता है कि हिन्दुस्तान और धरती का इतिहास जब तक रहेगा महाराजा सूरजमल की शहादत का वजन कोई बता नहीं पायेगा। बुद्धि कौशल और दिमाग की लड़ाई तभी लड़ी जाएगी जब हमारी किसान कौम की पुरानी साख मजबूती से वापस आएगी, क्योंकि हम केवल किसी व्यक्ति के लिये नहीं, इस धरती के विचार के लिये हैं।

धरती केवल जमीन का टुकड़ा नहीं, दुनिया के इतिहास में आपकी कौम के बारे में लिखा जाता है, बताया जाता है, उसके प्रमाण हैं, इसलिये पूरी धरती को परिवार मानकर पोषण करने का काम हमारी किसान कौम ने किया है। वहीं अलवर जिले के कठूमर में महाराजा सूरजमल मूर्ति अनावरण समारोह को संबोधित करते हुये सतीश पूनियां ने कहा कि, मुझे अच्छा लगा कि मंच के सामने बैठे लोगों में से आवाज आई कि महाराजा सूरजमल को पाठयपुस्तक में स्थान मिलना चाहिये, बिल्कुल उचित मांग है, इस मांग का कोई राजनीतिक सरोकार नहीं है।

यह मांग किसी एक समाज की भी नहीं है, क्योंकि सर्वसमाज का जो हिन्दुस्तान में जाया है, जिनके पुरखों ने अंठोजों और मुगलों से लोहा लिया, आज उसी मानसिकता से लड़ने वाले किसान कौम के लोग जब अपने इतिहास को पढ़ ते हैं तो उनके रोंगटे खड़े हो जाते हैं, उस इतिहास को यह सम्मान देने का सही समय है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राजस्थान और देश के किसानों की तरफ से धन्यवाद देता हूं कि जिन्होंने किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। कार्यक्रम में जाट महासभा के अध्यक्ष राजाराम मील, विधायक रमेश खींची, पूर्व विधायक मंजीत धर्मपाल चौधरी व काफी संख्या में किसान और युवा उपस्थित रहे।

# जेईई-मेन जनवरी सेशन का परिणाम जारी

## 7 डेसिमल में एन.टी.ए. स्कोर जारी किया

**कोटा,** (निसं)। जेईई-मेन जनवरी सेशन के परिणाम मंगलवार को जारी कर दिए गए। परिणामों में स्टूडेंट्स को विषयवार फिजिक्स, कैमेस्ट्री, मैथ्स में 7 डेसिमल में पर्सेन्टाइल एन.टी.ए. स्कोर एवं कुल एन.टी.ए. स्कोर जारी किया गया। यह एनटीए स्कोर स्टूडेंट्स की प्रत्येक शिफ्ट में बैठने वाले स्टूडेंट्स की संख्या के आधार पर ही लिया गया है, क्योंकि जेईई-मेन की विभिन्न पारियों में हुई परीक्षा के डिफिकल्टी लेवल में बदलाव रहता है। ऐसे में समान पर्सेन्टाइल पर भी अलग-अलग शिफ्टों में हुई परीक्षा में स्टूडेंट्स के रॉ स्कोर अलग-अलग होते हैं।

- **देश में 23 स्टूडेंट्स ने हासिल किए 100 पर्सेन्टाइल, 11 लाख 70 हजार से अधिक स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी थी**
- **दो स्टूडेंट्स का परीक्षा परिणाम रोका**

जेईई-मेन जनवरी परीक्षा बीई-बीटेक के लिए 27 जनवरी से 1 फरवरी के मध्य 10 शिफ्टों में संपन्न हुई। बीई-बीटेक के लिए कुल रजिस्टर्ड स्टूडेंट्स 12 लाख 21 हजार 624 रहे, जिनमें 11 लाख 70 हजार 48 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी। कुल परीक्षा देने वाले स्टूडेंट्स में 7 लाख 88 हजार 234 छात्र एवं 3 लाख 81 हजार 808 छात्राएं रही। परीक्षा देश के 291 शहरों के 544 परीक्षा केन्द्रों पर हुई। देश के बाहर 21 शहरों में हुई। हिन्दी, अंग्रेजी के अतिरिक्त 13 स्थानीय भाषाओं में यह परीक्षा हुई। परीक्षा में शामिल 11 लाख 70 हजार 048 स्टूडेंट्स में सामान्य श्रेणी के 3,92,640, ईडब्ल्यूएस के 1,50, 693, ओबीसी के 4,74,986, एससी के 1,13,509 एवं एसटी के 38220 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी। इस तरह 95.8 प्रतिशत स्टूडेंट्स परीक्षा में उपस्थित रहे। दो स्टूडेंट्स के परिणाम भी रोके गए हैं।

एन.टी.ए. की ओर से जारी की गई प्रेस रिलीज में 10 शिफ्टों में हुई परीक्षा में 100 पर्सेन्टाइल पर 23 स्टूडेंट्स रहे, मतलब कई शिफ्टों में एक से अधिक स्टूडेंट्स की 100 पर्सेन्टाइल आई। इसके साथ ही स्टेट टॉपर्स की लिस्ट जारी की गई, जिसमें 53 स्टूडेंट्स शामिल हैं, जारी किए गए आंकड़ों में कैटेगिरी वाइज टॉपर्स की सूची भी जारी की गई है। फीमेल में द्विजा धर्मेश कुमार पटेल ने 99.9991763 के साथ ऑल इंडिया टॉप किया। इसके साथ ही कैटेगिरीवाइज टॉपर्स की सूची भी जारी की गई है, जिनमें 27 स्टूडेंट्स को शामिल किया गया है। इस वर्ष परीक्षा के लिए दो नेशनल कॉर्डिनेटर, 18 रीजनल कॉर्डिनेटर, 303 सिटी कॉर्डिनेटर के साथ 1083 आब्जर्वर नियुक्त किए गए। 150 टेक्नीकल ऑब्जर्वर, 162 डिप्टी ऑब्जर्वर की सहायता से परीक्षा हुई। परीक्षा के लिए पहली बार 5 जी जैमर्स के साथ, सीसीटीवी एवं एआई का उपयेग किया।

## लव जिहाद की बढ़ती घटनाओं को रोकने की मांग

**भीलवाड़ा।** लव जिहाद की बढ़ती घटनाओं को लेकर भीलवाड़ा में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और रूप सेना बंजारा समाज ने जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया और समाज की अगवा बेट का शीघ्र पता नहीं लगाने पर और आंदोलन की चेतावनी दी। संगठन के लोगों ने जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की और एस.पी. के नाम ज्ञापन दिया ।

ज्ञापन में बताया कि 8 फरवरी को समाज की नाबालिग लड़की को मुस्लिम युवक मोनू व कालू अपहरण कर ले गए थे । इस संबंध में 8 फरवरी को ही सुभाष नगर थाने में एक रिपोर्ट भी दी गई लेकिन अब तक भी पुलिस नाबालिग बच्ची का पता नहीं लगा पाई है । घटना को लेकर बंजारा समाज में काफी आक्रोश है । नाबालिग को आरोपित के चंगुल से छुड़ाकर परिजनों को सौंपने और शीघ्र आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने पर बंजारा समाज द्वारा उठा आंदोलन की चेतावनी भी दी गई । विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री गणेश प्रजापत ने कहा कि भीलवाड़ा में लव जिहाद की यह पांचवी घटना है। लगातार बढ़ रही है लव जिहाद की घटनाएं अगर नहीं रुकी तो समस्त हिंदू समाज सड़कों पर उतरेगा।

# राजस्थान-पंजाब बॉर्डर सील, जाप्ता तैनात

**श्री गंगानगर।** किसान संगठनों के दिल्ली कूच के आव्हान को देखते हुए पंजाब बॉर्डर सील कर वहां बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। जिला मुख्यालय से आठ किलोमीटर दूर पंजाब सीमा से सटे गांव साधुवाली के पास लिंक नहर पर बने पुल पर थ्री लेयर बैरिकेडिंग कर वाहनों का आवागमन रोक दिया गया है। पंजाब बॉर्डर पर साधुवाली पंजाब से राजस्थान आने वाले अन्य मार्गों पर जाब्ता तैनात किया गया है। इन मार्गों पर आवागमन जारी है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पंजाब- राजस्थान सीमा पर बने नाकों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। साधुवाली नाके पर सोमवार सुबह दोनों ओर से आवागमन बंद कर दिया गया। यहां भारत माला सड़क पर बनने वाले पुल के लिए आए सीमेंट के ब्लॉक और बैरिकेड्स लगा कर मार्ग को सील किया गया है। इसके अलावा पतली सहित अन्य नाकों पर जाब्ता तैनात कर दिया गया है। डीआईजी एवं एसपी विकास शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतनाम सिंह, सिटी एएसपी बी. आदित्य, आईपीएस रमेश कुमार, सीओ ट्रेफिक प्रशांत कौशिक, थाना प्रभारी पृथ्वीपाल सिंह मय जाब्ते के पहुंचे और वहां पुलिस की ओर से किए गए इंतजाम का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों व जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

पंजाब से लगते पतली व अन्य नाकों पर पुलिस जाब्ता तैनात किया हुआ है। यहां आने- जाने वाले वाहनों की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारी नाकों पर नजर बनाए हुए हैं। अतिरिक्त जाब्ता तैनात कर दिया गया है। पुलिस की ओर से साधुवाली नाके पर जहां सीमेंट के ब्लॉक व बेरिकेड्स लगाए गए हैं, वहीं दोनों सडकों के बीच में वॉच टावर बनाया गया है। जहां कैमरे व दूरबीन से निगरानी की जाएगी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में बाहर से छह कंपनियां आरएसी व एक हजार पुलिसकर्मी आए हैं। इसके अलावा जिले में करीब दो हजार से अधिक पुलिसकर्मी व आएसी के जवान तथा क्यूआरटी के हथियारबंद जवान मौजूद हैं। जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा ने बताया कि मंगलवार को केवल कोठा पुल से होकर पंजाब के लिए आवागमन जारी रहेगा। वहां तैनात सुरक्षा बल निजी वाहनों को जांच के बाद ही आवागमन करने देंगे। साधुवाली और पतली से मंगलवार को आवागमन बंद रहेगा। किसान नेताओं की गिरफ्तारी के बारे में उनका कहना था कि अभी ऐसा कुछ नहीं है। अगर किसी ने कानून व्यवस्था की स्थिति बिगाडने का प्रयास किया तो गिरफ्तारी भी हो सकती है।

किसान संगठनों के दिल्ली कूच को लेकर जिला परिवहन विभाग ने 13 फरवरी को भारी वाहनों के साथ पंजाब हरियाणा की तरफ नहीं जाने की अपील की है। किसान संगठनों के दिल्ली में धरना-प्रदर्शन की घोषणा को लेकर पंजाब व हरियाणा के बॉर्डर सील रहेंगे। इससे श्रीगंगानगर व अनूपगढ़ जिलों में रोडवेज, लोक परिवहन एवं अन्य बसों का संचालन बाधित रहेगा। जिला परिवहन अधिकारी अवधेश चौधरी ने अतिआवश्यक होने पर निजी वाहनों से यात्रा करने का आग्रह किया है।

## 15 .3 किलो अवैध डोडा पोस्त बरामद

**जोधपुर,** (कासं) । शहर की माता का थान पुलिस ने विद्यानगर क्षेत्र में एक मकान पर रेड देकर युवक को अवैध डोडा पोस्त के साथ पकड़ा है। घर की तलाशी में 15.3 किलो अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ है। युवक को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया। वह दो साल पहले भी मादक पदार्थ के साथ पकड़ा जा चुका है। आरोपी खुद डोडे का सेवन करता है। माता का थान पुलिस निरीक्षक शिवलाल ने बताया कि विद्यानगर गली नंबर 11 में रहने वाले निंबाराम विश्नोई के यहां पर अवैध डोडा पोस्त होने की जानकारी मुखबिरी से मिली थी। इस पर पुलिस की टीम ने रात को वहां रेड दी। पुलिस ने घर की तलाश ली तो वहां से 15 किलो 355 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ। निंबाराम विश्नोई को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी डोडा पोस्त का सेवन करता है।

# सी.आई.डी. की पाली, जोधपुर में कार्रवाई

## दो किलो अफीम का दूध व एक टोपीदार बंदूक बरामद, एक गिरफ्तार

**जोधपुर,** (का.सं.)। पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की टीम ने पाली और जोधपुर पूर्व जिले के डांगियावास थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग करवाई की है। क्राइम ब्रांच की सूचना पर पाली जिले की शिवपुरा थाना पुलिस ने एक शिकारी के घर से एक टोपीदार बंदूक जप्त की है, वहीं डांगियावास थाना इलाके में क्राइम ब्रांच की टीम ने डीएसटी के सहयोग से एक व्यक्ति को डिटेन कर उसके पास से 2 किलो 50 ग्राम अफीम का दूध बरामद किया है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि वांछित बदमाशों, अवैध मादक पदार्थ एवं हथियार तस्करों के बारे में आसूचना संकलन के लिए पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की स्पेशल टीम को अलग-अलग शहरों में भेजा गया है। आईजी क्राइम प्रफुल्ल कुमार के पर्यवेक्षण व एडिशनल एसपी आशा राम चौधरी के सुपरविजन एवं इंस्पेक्टर सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में जोधपुर रेंज की और भेजी गई टीम के सदस्य हेड कांस्टेबल महेश कुमार, रविंद्र सिंह, राकेश जाखड़, कांस्टेबल नरेश कुमार व चालक सुरेश कुमार द्वारा आ सूचना की पुष्टि के बाद पाली और जोधपुर में कार्रवाई की गई।

**पाली में शिकारी के घर से एक टोपीदार बंदूक बरामद :** थाना शिवपुरा पुलिस को क्राइम ब्रांच की टीम ने सूचना दी की धांगड़वास गांव निवासी पूरण सिंह पुत्र कांजू सिंह राजपूत अवैध हथियार सप्लाई करता है। सूचना पर थाना पुलिस टीम तुरंत पूरण सिंह के घर पहुंची। पूरण सिंह के खेत में बने बाड़े में मिली एक अवैध देशी टोपीदार बंदूक जप्त कर आरोपी पूरण सिंह के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है।

**जोधपुर में 2 किलो 50 ग्राम अफीम के दूध के साथ एक गिरफ्तार** :- पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की टीम ने फलौदी डीएसटी के सहयोग से थाना डांगियावास जिला जोधपुर पूर्व में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मध्य प्रदेश से अफीम का दूध ला रहे तस्कर रामस्वरूप देवासी पुत्र आत्माराम (46) निवासी देवासियों की ढाणी नेतड़ा थाना करवड जिला जोधपुर को पकड उसके पास मिले बैग से 2 किलो 50 ग्राम अफीम का दूध बरामद किया।

पूछताछ में आरोपी ने अफीम का दूध भैरू सिंह निवासी साम्बा खेड़ा मंदसौर मध्य प्रदेश से खरीद कर लाना और आगे अम्बाराम चौधरी निवासी जेठाणिया देचू फलोदी को देने जाना बताया। दोनों कार्रवाई में क्राइम ब्रांच टीम के हेड कांस्टेबल महेश कुमार रविंद्र सिंह राकेश जाखड़ कांस्टेबल नरेश कुमार व चालक सुरेश कुमार की विशेष भूमिका व कांस्टेबल सोहन देव की तकनीकी भूमिका रही। टीम का कुशल नेतृत्व इंस्पेक्टर सुभाष सिंह तंवर द्वारा किया गया। पाली जिले की कार्रवाई में एसएचओ शिवपुरा राजेंद्र कुमार मय टीम एवं जोधपुर की कार्रवाई में डीएसटी फलौदी उप निरीक्षक देवाराम, कांस्टेबल महेंद्र उज्जवल व भगवानाराम एवं थाना डांगियावास के कांस्टेबल सुमेर सिंह बेनीवाल की विशेष भूमिका रही।

## सांभर पालिका ने गलत बजट बनाया, पार्षद ने जताई आपत्ति

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर नगर पालिका की ओर से फरवरी में पेश किए जाने वाला आम बजट को तैयार करने में ही अनेक त्रुटियां कर खुद की एफिशिएंसी पर तो प्रश्न चिन्ह खड़ा कर ही दिया है साथ ही भ्रामक स्थिति भी उत्पन्न हो गई है।

पार्षद सुशीला शर्मा की ओर से इसके लिए आपत्ति पेश करते हुए बताया कि 14 फरवरी को आयोजित होने वाली पालिका की साधारण सभा की बैठक से पहले एजेंडा के साथ बजट के अवलोकन के लिए उपलब्ध करवाई गई है उसके अवलोकन के पश्चात बाहरी कमी सामने आई है। शर्मा ने बताया कि बजट स्वीकृत राशि वर्ष 2023-24 कॉलम संख्यां 4 में राजस्व आय, पूंजीगत आय एवं प्रा.शेष का योग करने पर रूपये 2594.01 के स्थान पर 2594.02 आता है तथा कॉलम संख्या 5 में आय एवं व्यय का योग रूपये 2902.50 के स्थान पर रुपये 2902.51 लगाया गया। स्टेटमेंट के अनुसार वर्ष 2022-23 में अन्तिम शेष 899.09 है जबकि वर्ष 2023-24 में प्रारम्भिक शेष रुपये 74:50 बताया गया जो संदेह उत्पन्न करता है।

इस बजट में वर्ष 2023-24 के आय एवं व्यय का अचीवमेंट का ब्यौरा उपलब्ध नहीं है अर्थात अप्रेल, 2023 से दिसम्बर, 2023 का वास्तविक आय एवं व्यय का ब्यौरा तथा साथ ही जनवरी, 2024 से मार्च 2024 के आय एवं व्यय का अनुमानित ब्यौरा (राशि) उपलब्ध नहीं कराया गया है, बिना इसके वर्ष 2024-25 का अनुमानित बजट बनाना अंधेरे में तीर चलाने के समान है। उपरोक्त त्रुटियों को दूर कर सही/वास्तविक बजट (विवरण) बना कर आगामी वर्ष 2024-25 का बजट बैठक से पहले जारी करने हेतु चेताया गया है।

## तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**धौलपुर।** अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सोने का गुर्जा थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 315 बोर का देसी तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर पुलिस आरोपी से अवैध हथियार की खरीद फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है। सोने का गुर्जा थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक हरफलपुरा मोड़ के पास अवैध हथियार के साथ किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़ा हुआ है। जिस सूचना पर थाने से एक टीम मौके पर भेजी गई। आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसका पीछा कर उसे दबोच लिया। तलाशी में आरोपी युवक के पास 315 बोर का देसी तमंचा और दो जिंदा कारतूस मिले। आरोपी अमरेश (39) पुत्र कल्लो गुर्जर गांव रहेन थाना बाड़ी सदर का रहने वाला है।

# पैंथर ने हमला कर युवक को घायल किया

## एक बकरी को भी बनाया शिकार

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। नाचना नहरी क्षेत्र में एक पैंथर ने युवक पर हमला कर घायल कर दिया, वहीं बकरी को शिकार बना दिया। घटना के बाद से क्षेत्र के किसानों व पशुपालकों में भय व दहशत का माहौल है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार पद चिह्नों की जांच की गई है, वहीं उसे पकड़ने के लिए जाल व पिंजरे की व्यवस्था भी की गई है।

जानकारी के अनुसार नहरी क्षेत्र के चक 6 डीकेडब्ल्यूएम ढाकलवाला निवासी इस्माइलखां पुत्र गुल मोहम्मद रविवार की रात अपनी ढाणी में सो रहा था। रात करीब 2 बजे ढाणी के बाहर बैठी बकरी पर पेंथर ने हमला किया और करीब 2 किलोमीटर दूर घसीटकर ले जाकर अपना शिकार बनाया। सोमवार सुबह जब घर के आगे बकरी नहीं मिली तो इस्माइल खां ने पड़ौसियों से इधर-उधर पूछताछ की। इसके बाद इस्माइल खां, अब्दुला खां, जमशेर खां व आरिफ खां अपनी बकरी की तलाश करने निकले और एक किलोमीटर घूमने के बाद उन्हें बकरी मृत हालत में मिली। बकरी के पास जंगली जानवर के पैरों के निशान देखे तो उसकी तलाश करने लगे। उनके अनुसार करीब 2 किलोमीटर दूरी तय करने के बाद धोरों व झाड़ियों में छिपे पैंथर को देखा, जिसने ईस्माइलखां पर हमला कर चोटिल कर दिया। चिल्लाने पर वह भाग गया। ईस्माइल खां का भारेवाला गांव के राजकीय अस्पताल में उपचार करवाया गया। उसने इसकी सूचना वन विभाग व पुलिस को दी।

भारेवाला के क्षेत्रीय वन अधिकारी लखतप सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की ओर से पेंथर की सूचना देने पर पदचिह्नों की जांच की गई। इसके साथ ही उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया गया है। उन्होंने बताया कि जोधपुर से वन विभाग की टीम बुलवाया गया है। टीम की ओर से नहरी क्षेत्र में जाल बिछाकर पेंथर को पकड़ा जाएगा। साथ ही सांकड़ा गांव से पिंजरा भी मंगवा लिया गया है।

# नाबालिग बेटी का घर से अपहरण

**भीलवाड़ा।** घर में नाबालिग पुत्री को अकेला देखकर चार व्यक्ति कार लेकर आये और उसका अपहरण कर ले गए। इस दौरान परिवार के सभी लोग उस समय पास के नोहरे में गए हुए थे। जब वो वापस घर लौटे तो उन्हें नाबालिक बेटी घर पर नहीं मिली।

मामला जिले के मांडलगढ़ थाना क्षेत्र का है। यंहा रहने वाले एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि 10 फरवरी को शाम 7 बजे के आसपास लगभग उसकी नाबालिग बेटी घर पर अकेली थी और परिवार के सभी लोग नोहरे में गए थे , इसी बीच घर पर उसकी बेटी को अकेला पाकर अनिल धाकड़ , शंकर धाकड़, महावीर धाकड़ आए और उसकी बेटी का अपहरण कर ले गए। पिता ने यह भी कहा है की उसकी पुत्री को जान का खतरा है। ये लोग उसे जान से मार सकते हैं। पुलिस ने पिता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# पारेवर गांव में ओरण की भूमि 'वंडर सीमेंट' को अलॉट करने का विरोध

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जिले के पारेवर गांव की ओरण की भूमि को वंडर सीमेंट को अलॉट करने पर ग्रामीणों ने विरोध कर ओरण बचाओ टीम व गांव की महिलाओं द्वारा 70 किमी की पदयात्रा कर जैसलमेर कलेक्टर ऑफिस के बाहर विरोध प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन दिया। ग्रामीणों की मांग है कि ओरण की भूमि को छोड़कर वंडर सीमेंट कंपनी अपना प्लांट लगाए ताकि पेड़-पौधों, वनस्पति और जीव जंतुओं को नुकसान ना हो।



महिलाओं व ग्रामीणों ने ओरण बचाओ यात्रा निकाली। इस यात्रा में सन्देश लिखि तख्तियां दिखाई गई।

पर्यावरण प्रेमी और ओरण बचाओ टीम के सुमेरसिंह सांवता ने बताया कि साल 2022 में सरकार ने पारेवर गांव की करीब 24 सौ बीघा जमीन वंडर सीमेंट के प्लांट के लिए अलोट कर दी। जबकि उस जमीन में ओरण की जमीन भी शामिल है। हमारी मांग है कि उस जमीन का अलॉटमेंट खारिज करके प्रशासन ओरण कि जमीन को राजस्व रिकॉर्ड में ओरण के नाम से दर्ज करवाए।

सुमेरसिंह भाटी ने बताया कि ओरण उस इलाके को कहते हैं- जहां देवी देवता या लोक देवता का मंदिर होता है। उसके आस पास की जमीन को ओरण की जमीन कहते हैं। ओरण की जमीन पर पेड पौधे आदि लगे होते हैं जिनको काटना भी अपराध की श्रेणी में आता है। पशु-पक्षी और अन्य जानवर बेखौफ इस इलाके में विचरण कर सकते हैं। उस इलाके को ओरण कहा जाता है। जैसलमेर में लाखों बीघा ओरण की जमीने हैं जो आज भी सरकार के रिकॉर्ड में बंजर जमीन के नाम से दर्ज हैं और उसे सोलर और विंड कंपनियों को अलोट किया जा रहा है।

- **70 किमी पैदल चल महिलाओं ने दिया ज्ञापन**

ग्रामीण चाहते हैं कि ये ओरण में ही दर्ज हों ताकि पर्यावरण का बचाव हो सके।

जिले के पारेवर गांव से सोमवार को महिलाओं व ग्रामीणों द्वारा निकाली गई ओरण बचाओ यात्रा ठंड में पारेवर से जैसलमेर तक करीब 70 किमी की पदयात्रा कर मंगलवार को जैसलमेर पहुंची। इस दौरान कई गांवों के ग्रामीणों ने पदयात्रियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढाया। सुमेरसिंह भाटी का कहना है कि ओरण की जमीनों को निजी कंपनियों के हाथों बेचकर हम सब अपना ही नुकसान कर रहे हैं। इसलिए हमें ओरण की जमीन को बचाना है और वन्य जीवों आदि को बचाकर पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में मददगार बनना होगा।

## दीवार क्षतिग्रस्त

**मकराना,** (नीसं)। मकराना पुलिया रोड बोरावड़ रेलवे फाटक के पास सड़क किनारे स्थित एक मार्बल खान की सेफ्टी दीवार क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे कभी भी कोई बढा हादसा हो सकता हैं। बोरावड़ फाटक के पास स्थित सैय्यद बाबा की दरगाह व मस्जिद के पास उलोड़ी रेंज की खाने स्थित हैं।


**RAJASTHAN HOUSING BOARD**

No. :- RE (Electrical)/RHB/JPR/2023-24/1074 Dated :- 09/02/2024

**NIB : 05/2023-24**

Bid for 1. Miscellaneous External Electrification work at sector 06 & sector 09 Indra Gandhi Nagar RHB, Jaipur. 2 . Shifting of Transformer DT Structure and LT pillar box near khatipura station from under constructed site Ganga Marg I G Nagar Jaipur. 3. Operation and Maintenance of Street Light & Road light dastkar Nagar Nayala jaipur for 2 years. invited from interested bidders for Sr. No. 01 to 03 from date 15.02.2024 to 26.02.2024 upto 06:00 PM,Other particular of bid may be visited on the procurement portal (**http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in**) of the state & **http://rhb.rajasthan.gov.in** department website.

UBN :1. RHB2324WSOB00392 2. RHB2324WSOB00393 3. RHB2324WSOB00394

**Raj.Samwad/C/23/13009** **RE (Electrical), Jaipur**



**कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, (कलक्टर) जैसलमेर**

**खुली निविदा सूचना**

क्रमांकः निर्वाचन/लेखा/2023-24/213 दिनांक :- 7/2/24

लोकसभा आम चुनाव 2024 में आवश्यक व्यवस्था हेतु विभिन्न सामग्री / सेवाओं की आवश्यकता है जिसकी आपूर्ति हेतु निर्माता/रजिस्टर्ड विक्रेता/प्रतिष्ठित एवं स्थापित फर्मों से मोहरबन्द निविदाऐं निर्धारित प्रपत्र (तकनीकी तथा वित्तीय बोली अलग-अलग लिफाफे में) में आमन्त्रित की जाती है। निविदा विक्रय की अंतिम तिथि 16.02.2024 दोपहर 03 बजे तक है। तकनीकी रूप से सफल बोलीदाताओं की वित्तीय बोलियां दिनांक 16.02.2024 को क्रय कमेटी द्वारा उपस्थित बोलीदाताओं के समक्ष सांय 05 बजे खोली जावेगी।

| क्र. सं. | मद | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | निविदा ऑनलाईन भरने की अंतिम दिनांक/समय | तकनीकी बोली खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वीडीयोग्राफी कार्य | 4000000 | 80000 | 500 | 16.02.2024 03.00 पीएम | 16.02.2024 05.00 पीएम |

शर्तेः
1. निविदा प्रपत्र एवं शर्ते मय स्पेशिफिकेशन विवरण सीधे पोर्टल से डाऊनलॉड भी की जा सकती है। निविदा की अनुमानित लागत में कमी/वृद्धि की जा सकती है।
2. अधोहस्ताक्षरकर्ता न्यूनतम निविदा सूचना स्वीकृत करने हेतु बाध्य नहीं है तथा किसी भी निविदा को या उसके भाग को बिना कारण बताए अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास रहेगा।
3. निविदादाताओं को सम्बन्धित वाणिज्य कर अधिकारी का कर चुकता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
4. विलम्ब से प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
5. निविदा निर्धारित तिथि को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जाएगी।
6. निविदा प्रपत्र व शर्तें http://sppp.rajasthan.gov.in एवं ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर देखी जा सकती है।

NIB = DJM2324 A0013
BID = DJM2324 SLOB00024

DIPR/C/935/2024 उप जिला निर्वाचन अधिकारी (एडीएम) जैसलमेर